कुल छपे पृष्ठों की संख्या - 4
कुल छपे प्रश्नों की संख्या - 11

A-31-

नामांक

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा सत्र 2016-2017

कक्षा—XI (ग्यारहवीं)

विषय—हिन्दी अनिवार्य

समय : 3¼ घंटे

पूर्णांक : 70

निर्देश : (1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(2) विद्यार्थी अपने नामांक प्रश्न-पत्र पर अनिवार्यतः लिखे।

(3) जिस प्रश्न के एक से अधिक भाग हैं, उन सभी भागों का उत्तर एक साथ ही लिखें, भिन्न-भिन्न दो स्थानों पर नहीं लिखें।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(5) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित है।

खण्ड : अ

1. निम्न काव्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

सुना रहा हूँ तुम्हे भैरवी जागो ओ सोने वाले।
जब सारी दुनिया सोती थी तब तुमने ही उसे जगाया,
दिव्य ज्ञान के दीप जलाकर तुमने ही हमे दूर भगाया,
तुम्हीं सो रहे दुनिया जगती यह कैसा मद है मतवाले।
सुना रहा हूँ तुम्हे भैरवी जागो ओ सोने वाले।
तुमने वेद, उपनिषद रचकर जग जीवन का मर्म बताया,
ज्ञान शक्ति है, ज्ञान मुक्ति है तुमने ही तो गान सुनाया,
अक्षर से अनभिज्ञ तुम्ही हो पिए किस नशे के थे प्याले।
सुना रहा हूँ तुम्हे भैरवी जागो ओ सोने वाले।

(1) 'भैरवी' क्या है ? कवि भैरवी क्यो सुना रहा है ?

(2) कवि किनको जगाना चाहता है ? 1

(3) 'सारी दुनियां सोती थी तब तुमने ही उसे जगाया'—ये क्या भाव है ? 2

(4) उपर्युक्त पद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 2

(5) संसार के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 2

2. निम्न अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 7

कर्त्तव्य पालन और सत्यता में बड़ा घनिष्ठ संबंध है। जो मनुष्य अपना कर्त्तव्यपालन करता है वह अपने कार्यों और वचनों में सत्यता का बर्त्ताव भी रखता है। वह ठीक समय पर उचित रीति से अच्छे कार्यों को करता है। सत्यता ही एक ऐसी वस्तु है जिससे इस संसार में मनुष्य अपने कार्यों में सफलता पा सकता है; इसलिए हम लोगों को अपने कार्यों में सत्यता को सबसे ऊँचा स्थान देना उचित है। झूठ की उत्पत्ति, पाप, कुटिलता और कायरता के कारण होती है।

बहुत से लोग नीति और आवश्यकता के बहाने झूठ की बांत करते है। वे कहते है कि इस समय इस बात को प्रकाशित न करना और दूसरी बात को बनाकर कहना नीति के अनुसार समयानुकूल और परम आवश्यक है। झूठ बोलना और कई रूपों में दिखाई पड़ता है। जैसे चुप रहना, किसी बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहना, किसी बात को छिपाना, भेद बतलाना, झूठ-मूठ दूसरों के साथ हां में हां मिलाना, प्रतिज्ञा करके उसे पूरा न करना और सत्य को न बोलना इत्यादि। जबकि ऐसा करना धर्म के विरुद्ध है, तब ये सब बातें झूठ बोलने से किसी प्रकार कम नहीं है।

(1) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

(2) संसार में मनुष्य को सफलता दिलाने वाली वस्तु क्या है ? 1

(3) झूठ की उत्पत्ति किन दुर्गुणों से होती है ? 1

(4) लोग झूठ बोलने के लिए किस बहाने का उपयोग करते है ? 2

(5) सत्य, कायरता तथा पाप शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। 2

खण्ड : ब

3. निम्न विषयों में से किसी एक पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए : 8

(अ) दहेज : एक सामाजिक कलंक

(ब) युवकों में बेकारी

(स) आतंकवाद : एक विश्वव्यापी समस्या

(द) मेरा प्रिय कवि

4. जिला शिक्षा अधिकारी, बीकानेर की ओर से सचिव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालगढ़, बीकानेर में बोर्ड परीक्षा केन्द्र की स्वीकृति हेतु कार्यालयी पत्र लिखिए। 4

अथवा

विद्यालय में हुए पुरस्कार समारोह का कार्यवृत्त तैयार कीजिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दे : 4

(i) इंटरनेट पत्रकारिता क्या है?

(ii) प्रमुख जनसंचार माध्यम कौन कौन से है?

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो : 4

(i) एक अच्छे शब्दकोश की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ii) संदर्भ ग्रन्थ एवं शब्दकोष में क्या समानता है।

खण्ड : स

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो : 7

(i) कबीर ने कौन से गुरु की नित्य वंदना करने को कहा है? 2

(ii) "मतवारो बादल आयो रे" मीरा ने बादल को मतवाला क्यों कहा है? 2

(iii) रसखान रस की खान है। कैसे? 2

(iv) प्रहलाद कौन थे? उनका नाम किसलिए प्रसिद्ध है? 1

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो : 5

(i) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में पर्वत पर उगे वृक्ष क्या कर रहे है? इस अंश के काव्य सौन्दर्य पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 1½

(ii) मंगलाचरण का भाव सौन्दर्य अपने शब्दों में लिखिए। 1½

(iii) कवि रसखान की कविता के भाव सौन्दर्य पर अपना मत प्रकट कीजिए। 2

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो : 5

(i) यदि रसखान को मनुष्य या पशु का जन्म मिले तो वह क्या चाहते है? 2

(ii) 'हरि तुम हरौ जन की भीर' से क्या तात्पर्य है? 2

(iii) सीताजी को थका जानकर श्रीराम ने कौनसा उपक्रम किया? 1

खण्ड : द

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो : 7

(i) मित्र बनाते समय मैत्री का उद्देश्य क्या होना चाहिए? 2

(ii) 'बुराई अटल भाव धारण करके बैठती है'—इस कथन का आशय क्या है? 2

(iii) रविन्द्र नाथ ने लोगों पर विश्वास न कर स्वयं पर ध्यान देने के विषय में क्या कहा? 2

(iv) शिवपूजन सहाय ने हिन्दी में पदार्पण कैसे किया? 1

11. निम्न प्रश्नों का उत्तर देवे : 11

(i) नयी कहानी की 2 विशेषताएं लिखिए। 2

(ii) लाल बिहारी के प्रति स्नेह रखते हुए भी श्रीकांत क्रोधित क्यों हो उठा था? 2

(iii) ठाकुर भूपसिंह ने आनंदी का विवाह श्रीकंठ से क्यों किया? 2

(iv) सुरवाला व मनोहर गंगा तट पर क्या कर रहे थे? 2

(v) ताई कहानी से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? 3

❑ ❑ ❑